संख्या : 85/2016/1249/छप्पन-2016-153/2000

प्रेषक,

एस0के0 रघुवंशी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 26 अक्टूबर, 2016

विषय : राजकीय हेलीकॉप्टर बेल-412 ई0पी0 वी0टी0यू0पी0ओ0 निकाले गये कम्पोनेन्ट/पुर्जों को मरम्मत/ओवरहाल कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या : 327/ना0उ0नि0/इंजी/बी-2/2016 (पी), दिनांक 29.8.2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें राजकीय हेलीकॉप्टर बेल-412 ई0पी0 वी0टी0यू0पी0ओ0 के पुर्जों **spindile and damper bearing assy/oil cooler blower/chronometer/triple torque indicator/AFCU** एवं **Pressure transducer** की मरम्मत एवं ओवरहालिंग किये जाने हेतु निर्माता फर्म मैसर्स बेल हेलीकॉप्टर एशिया प्रा0लि0, सिंगापुर से कोटेशन/ईमेल दिनांक 08.7.2016 प्राप्त कर रूपये 42,77,000/- (रूपये बयालिस लाख सतहत्तर हजार मात्र) (61100 यू0एस0 डॉलर, विनिमय दर रूपये 70/- प्रति यू0एस0 डॉलर) का आगणन वित्तीय प्रशासकीय स्वीकृति हेतु उपलब्ध कराया गया है। उक्त प्रस्ताव के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय राजकीय हेलीकॉप्टर बेल-412 ई0पी0 वी0टी0यू0पी0ओ0 के पुर्जों **spindile and damper bearing assy/oil cooler blower/chronometer/triple torque indicator/AFCU** एवं **Pressure transducer** की मरम्मत/ओवरहालिंग हेतु रूपये 42,77,000/- (रूपये बयालिस लाख सतहत्तर हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं।

(1) प्रश्नगत कार्य हेतु निर्माता फर्म मै0 बेल हेलीकॉप्टर एशिया प्रा0लि0, सिंगापुर को भुगतान बिल बेसिस पर किया जायेगा और इस सम्बन्ध में प्रचलित नियमों/प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(2) उक्त स्वीकृत धनराशि के आहरण/व्यय के फलस्वरूप यदि शासन को कोई हॉनि होती है तो उसके लिए निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0 उत्तरदायी होंगे।

2- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-38 के अधीन लेखा शीर्षक-"5053-नागर विमानन पर पूँजीगत-परिव्यय-आयोजनेत्तर-80-सामान्य-800-अन्य व्यय-04-हेलीकॉप्टर/वायुयान की विशेष मरम्मत-42-अन्य व्यय" के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

संख्या : 85/2016/1249(1)/छप्पन-2016-तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठा तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 सत्य प्रकाश तिवारी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।